


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है। जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।

शनिवार 04 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 174 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बिहार में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित होंगी ₹1 लाख करोड़ के वित्तपोषण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग तथा HUDCO के बीच राज्य में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के दीर्घकालिक वित्तपोषण संबंधी महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस पहल को बिहार के शहरी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि प्रस्तावित अत्याधुनिक सै. टेलाइट टाउनशिप में नागरिकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं, आधुनिक आधारभूत संरचना तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन टाउनशिप में आधुनिक सड़क नेटवर्क, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली, हरित क्षेत्र, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संस्थानों सहित सभी आवश्यक नागरिक सुविध. ाओं का समुचित विकास किया जाएगा। इससे



बिहार में सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर जीवन–स्तर उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त ये ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप राज्य के शहरी विकास को नई गति देंगी और श्विकसित बिहारश के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## जिलाधिकारी ने केशोपुर तटबंध का किया निरीक्षण, बाढ़ निरोधी तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने शुक्रवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत केशोपुर तटबंध का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ निरोधी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मानसून पूर्व किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से बचाव के लिए किए गए कार्यों एवं संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों का विस्तृत आकलन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदा. धिकारी, हिलसा श्री अमित कुमार पटेल ने विगत वर्ष आई बाढ़, उससे प्रभावित क्षेत्रों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा इस वर्ष की तैयारियों की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों पर सैंड बैग (बालू भरे बोरों) की संख्या शीघ्र बढ़ाई जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग किया जा सके। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को बिना विलंब शुरू करने के लिए आवश्यक संख्या में मजदूरों की पूर्व से पहचान कर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तटबंधों



पर नियमित गश्ती (पैट्रोलिंग) कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की क्षति अथवा असामान्य गतिविधि की सूचना समय पर मिल सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बाढ़ निरोधी तैयारियां निर्धारित समय–सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी तरह तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्री रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा श्री अमित कुमार पटेल, भूमि सुधार उप समाहर्ता, हिलसा श्रीमती रश्मि कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इस्लामपुर श्री कुमार ऋषिराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एकंगरसराय श्रीमती प्रियंका कुमारी, अंचल अधिकारी, एकंगरसराय श्री विवेक कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, एकंगरसराय श्री वाल्मीकि प्रसाद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजगीर में 5 जुलाई को होगा बिहार जूनियर पुरुष हॉकी टीम का ट्रायल, राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए होगा चयन

**केशववाणी पटना(बिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) द्वारा 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप के लिए बिहार टीम के चयन हेतु 5 जुलाई को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान में चयन प्रतियोगिता (ट्रायल) आयोजित की जाएगी। ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने बताया कि 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप का आयोजन 28 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक तमिलनाडु के कोयंबटूर में होगा। इसी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार राज्य जूनियर पुरुष हॉकी टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। राज्य के सभी संबद्ध जिला हॉकी संघों से पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर ट्रायल में भेजने का अनुरोध किया गया है। चयन प्रक्रिया में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 या उसके बाद की हो।चयन प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण–पत्र, मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र तथा नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो की मूल प्रति एवं एक–एक छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर किसी भी खिलाड़ी को चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सभी खिलाड़ियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान में पहुंचकर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के मुख्य प्रशिक्षक एवं ओलंपियन गेविन फरेरा को अपनी उप. स्थिति दर्ज कराएं। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।


## भारत–नेपाल सीमा पर गैरकानूनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में भारत–नेपाल सीमा से जुड़े सुरक्षा, प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीमावर्ती सात जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत–नेपाल सीमा पर गैरकानूनी गतिविधियों, आर्थिक अपराधों तथा तस्करी पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी चेकपोस्टों से 15 किलोमीटर की परिधि तक प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री ने उर्वरक एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय से सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में थाना स्तर पर विशेष टीमों के गठन का भी निर्देश दिया। इन टीमों को ऐसे व्यक्तियों की पहचान और सत्यापन करने का दायित्व सौंपा जाएगा, जिनकी आय में उनके ज्ञात स्रोतों की तुलना में असामान्य वृद्धि हुई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में लंबित विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा किशनगंज जिले में उर्दू विद्यालयों की स्थापना के लिए 100 उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और विकास दोनों सरकार की प्राथमिकता हैं। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून–व्यवस्था मजबूत होने के साथ–साथ विकास कार्यों में भी तेजी लाई जा सके।








Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

# उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय कर्मियों को दिलाई सतर्कता शपथ, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का किया आह्वान




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में समाहरणालय संवर्ग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने का आह्वान किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सुशासन की स्थापना तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने में प्रत्येक लोक सेवक की निष्ठा, जवाबदेही और नैतिक आचरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आम जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। सतर्कता शपथ के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे लोक सेवक के रूप में अपने सभी कार्यों का निष्पादन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करेंगे। साथ ही अपने कार्यों के संचालन में संबंधित कानूनों, नियमों एवं प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन करते हुए सदैव जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।शपथ के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने यह भी संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में न तो स्वयं संलिप्त होंगे और न ही किसी भी रूप में भ्रष्टाचार का समर्थन या संरक्षण करेंगे। उन्होंने स्वच्छ, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की स्थापना के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प भी दोहराया।

# ट्रेन की जनरल बोगी से अज्ञात महिला का शव बरामद, बिहारशरीफ स्टेशन पर मची अफरा-तफरी



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** कोडरमा–दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की जनरल बोगी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से शुक्रवार को बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं रेल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर एम.डी. आलम अंसारी ने बताया कि गाड़ी संख्या 13233 कोडरमा–दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की जनरल बोगी में एक महिला के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन होने के बाद आरपीएफ और रेल पुलिस की टीम बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पहुंची। जांच के दौरान महिला को मृत पाया गया, जिसके बाद शव को ट्रेन से नीचे उतारकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के हुलिए और पहनावे से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वह भिक्षुक थी। महिला के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतका की पहचान के लिए सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है, ताकि उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। रेल पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतका के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे तत्काल रेल पुलिस या आरपीएफ से संपर्क करें।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इस्लामपुर से दो मेडिकल टीमें रवाना, प्रतिदिन 955 लोगों की जांच का लक्ष्य



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को इस्लामपुर प्रखंड में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल की दो टीमों को पंचायतों में टीबी मरीजों की पहचान के लिए वरीय उप समाहर्ता प्राची रिया, प्रखंड विकास पदा. धिकारी संजय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदा. धिकारी अमित कुमार तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्यम प्रकाश ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत प्रखंड के 29 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की टीबी जांच की जाएगी। वहीं आरबीएसके की दो टीमों को भी क्षेत्र में भेजा गया है, जिन्हें प्रतिदिन 300 लोगों की जांच का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा प्रखंड के चार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन 30–30 लोगों की जांच की जाएगी। इस तरह पूरे प्रखंड में प्रतिदिन कम से कम 955 लोगों की टीबी जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जांच के दौरान जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें एक्स–रे सहित आवश्यक जांच कराकर इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चिन्हित टीबी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क फूड बास्केट भी उपलब्ध कराया जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, पंचायत सचिवों, विकास मित्रों, कचहरी सचिवों, किसान सलाहकारों, न्याय मित्रों, पंचायत कार्यपालक सहायकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर विस्तृत रणनीति तैयार की गई है। सभी 19 पंचायतों के लिए पंचायतवार एवं ग्राम. वार रोस्टर बनाया गया है, जिसके अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव–गांव जाकर लोगों को टीबी जांच के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि अभियान में विद्यालयों के शिक्षक–छात्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के विक्रेता, पैक्स अध्यक्ष और अन्य सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग जांच कराकर टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बना सकें। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों को अभियान के प्रति जागरूक किया गया है तथा उन्हें समाज में टीबी जांच के प्रति लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर धोबडीहा पंचायत की मुखिया सविता देवी के प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, बेले पंचायत की मुखिया रंजू देवी के प्रतिनिधि एवं पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गौरव कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कनक कुमारी, सरपंच राजेंद्र मांझी, विकास मित्र मनहर चौधरी, अरुण रविदास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कतरीसराय में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार; 10 मोबाइल और फर्जी सिम कार्ड बरामद




**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कतरीसराय थाना क्षेत्र में सक्रिय एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी कर छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 10 स्मार्ट मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड तथा लोगों के नाम, पते और मोबाइल नंबर दर्ज तीन पेज की डेटा शीट बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने सोशल मीडिया, मोबाइल कॉल और अन्य ऑनलाइन माध्यमों के जरिए लोगों को लोन दिलाने एवं लॉटरी का झांसा देकर ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस अधीक्षक भरत सोनी के निर्देश पर राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कतरीसराय थाना क्षेत्र के बरीठ गांव स्थित मुंशी नदी के दक्षिण खंधा स्थित बगीचे में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान साइबर ठगी में संलिप्त छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि सभी आरोपित संगठित गिरोह बनाकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से साइबर अपराध में इस्तेमाल किए जाने वाले 10 स्मार्ट मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड और तीन पेज की डेटा शीट बरामद की है। बरामद दस्तावेजों में कई लोगों के नाम, पते और मोबाइल नंबर दर्ज हैं। पुलिस अब इन दस्तावेजों के आधार पर गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित सदस्यों की तलाश में जुट गई है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बरीठ निवासी जितेंद्र कुमार (पिता–हीरा चौधरी), राहुल पासवान (पिता–हरिनंदन पासवान), बरांदी निवासी गौरी कुमार (पिता–सुरेश रविदास) तथा बालचंद बिगहा निवासी सचिन कुमार (पिता–संजय प्रसाद) के रूप में हुई है। इसके अलावा दो अन्य आरोपित विधि–विरुद्ध बालक हैं। सभी कतरीसराय थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इस संबंध में कतरीसराय थाना में आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में गिरियक पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, संजय दास, रूदल पासवान तथा कतरीसराय थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# तेलहाड़ा उत्खनन स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, तिलाधक विश्वविद्यालय के पुरातात्विक अवशेषों के संरक्षण और डॉक्यूमेंट्री तैयार कराने का दिया निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने शुक्रवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान एकंगरसराय प्रखंड की ग्राम पंचायत राज तेलहाड़ा स्थित प्राचीन तिलाधक विश्वविद्यालय (तेलहाड़ा उत्खनन स्थल) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुदाई में प्राप्त पहली सदी के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक अवशेषों का अवलोकन किया तथा उनके संरक्षण एवं प्रचार–प्रसार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 453 ईस्वी में गुप्त शासक कुमारगुप्त द्वारा की गई थी, जबकि तेलहाड़ा स्थित तिलाधक विश्वविद्यालय का इतिहास पहली सदी तक पहुंचता है। वर्ष 2009 में तत्कालीन मुखिया अवधेश गुप्ता की मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 दिसंबर को स्वयं उत्खनन कार्य का शुभारंभ किया था। उत्खनन में सबसे पहले पालकालीन मूर्तियां प्राप्त हुईं। इसके बाद गुप्तकालीन तथा नीचे की परतों में कुषाणकालीन मूर्तियां एवं अन्य पुरातात्विक अवशेष मिले। कार्बन डेटिंग के आधार पर इस स्थल की प्राचीनता ईसा पूर्व तक मानी गई है। खुदाई में सैकड़ों मठों (मॉनास्ट्री) की सील, अभिलेख, भगवान बुद्ध, अवलोकेतेश्वर, चामुंडा, हरिती, मां तारा, अपराजिता सहित टेराकोटा की अनेक मूर्तियां तथा प्राचीन बर्तन प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि प्रसिद्ध चीनी यात्री हेनसांग ने वर्ष 630 ईस्वी में भारत यात्रा के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय जाने से पहले तिलाधक विश्वविद्यालय का भ्रमण किया था। उन्होंने अपने यात्रा–वृत्तांत में यहां के संघाराम, महाविहार एवं विश्वविद्यालय का विस्तृत वर्णन किया है। मान्यता है कि भगवान बुद्ध ने भी वर्षा ऋतु के दौरान तेलहाड़ा में प्रवास किया था।



इतिहासकारों एवं पुरातत्वविदों जैसे फ्रांसिस बुकानन, अलेक्जेंडर कनिंघम, बेगलर, सैमुअल बील सहित कई पाश्चात्य विद्वानों ने भी तिलाधक विश्वविद्यालय का उल्लेख किया है। यहां शब्द विद्या, शिल्प विद्या, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, सांख्यिकी, बौद्ध साहित्य एवं दर्शन सहित विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाती थी। बताया जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय से उच्च अध्ययन के लिए विद्यार्थी तिलाधक विश्वविद्यालय आते थे और यहां विभिन्न देशों के लगभग एक हजार विद्यार्थी महायान बौद्ध परंपरा का अध्ययन करते थे। वर्ष 1198 ईस्वी में इख्तियारुद्दीन मोहम्मद बिन बख्तियार खिलजी के आक्रमण के दौरान विश्वविद्यालय को लूटकर आग लगा दी गई, जिससे यह प्राचीन शिक्षण संस्थान नष्ट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटिश काल में यहां से प्राप्त कई दुर्लभ मूर्तियां कोलकाता संग्रहालय, लंदन संग्रहालय तथा ज्यूरिख संग्रहालय (स्विट्जरलैंड) में संरक्षित हैं। वहीं उत्खनन में मिली लाल बलुआ पत्थर की अवलोकेतेश्वर की प्रतिमा वर्तमान में बिहार संग्रहालय, पटना में सुरक्षित रखी गई है, जिसका अवलोकन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कर चुके हैं।निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि उत्खनन स्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य अभी शेष है। संग्रहालय के अंदर आवश्यक गैलरियों एवं कंपार्टमेंट का निर्माण कर प्राप्त अवशेषों को व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। साथ ही तेलहाड़ा को बौद्ध सर्किट से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि देश–विदेश से अधिकाधिक पर्यटक यहां पहुंच सकें। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुरातत्व विभाग के इन बेशकीमती अवशेषों का वैज्ञानिक ढंग से संरक्षण सुनिश्चित करते हुए इन पर आधारित एक उच्च गुणवत्ता की डॉक्यूमेंट्री तैयार कराई जाए, जिससे इस ऐतिहासिक धरोहर का व्यापक प्रचार–प्रसार हो सके। इस अवसर पर प्रभारी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।





# दीपनगर में संदिग्ध परिस्थिति में बुजुर्ग का शव बरामद, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दीपनगर बाजार निवासी जीतन महतो (60 वर्ष) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने पुरानी दीपनगर थाना के समीप नवनिर्मित नाले के किनारे एक बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। इसके बाद इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन शव की पहचान जीतन महतो के रूप में की। मृतक के भतीजे रविशंकर ने बताया कि उनके चाचा का शव पईन के पास बने नए नाले के किनारे पड़ा हुआ था। उनका दावा है कि मृतक का चेहरा सूजा हुआ था और मुंह से खून निकल रहा था। उन्होंने आशंका जताई कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि हत्या का मामला हो सकता है।परिजनों का आरोप है कि घटना के पीछे गहरी साजिश हो सकती है। रविशंकर ने बताया कि पिछले दो दिनों से जीतन महतो का अपनी बहू स्वाति कुमारी के साथ विवाद चल रहा था। उनके अनुसार, विवाद का कारण मृतक की बेटी (ननद) का घर आना था, जिस पर बहू आपत्ति जता रही थी। रविशंकर ने यह भी आरोप लगाया कि विवाद के दौरान समझौता कराने पहुंचे कुछ लोगों तथा बहू के पिता ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। उनका कहना है कि इस संबंध में उनके पास कुछ सबूत भी मौजूद हैं। इधर, घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# नालंदा में परीक्षा के दौरान मोबाइल से नकल का वीडियो वायरल, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार में शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षाओं को पारदर्शी एवं कदाच. ारमुक्त कराने के लाख दावों के बीच नालंदा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हरनौत बाजार स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा के दौरान छात्रों द्वारा खुलेआम मोबाइल फोन का उपयोग कर परीक्षा लिखने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद परीक्षा संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो विद्यालय के नव. निर्मित भवन का है। वीडियो में कक्षा 10वीं के छात्र परीक्षा हॉल में बैठे दिखाई दे रहे हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि परीक्षा कक्ष में छात्रों की निगरानी के लिए कोई शिक्षक मौजूद नहीं दिख रहा है। वीडियो में छात्र बिना किसी भय के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए उत्तर लिखते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, कई छात्र परीक्षा के नियमों की अनदेखी करते हुए एक–दूसरे के बिल्कुल पास बैठकर उत्तर पुस्ि. तका भर रहे हैं। इससे परीक्षा की निष्पक्षता और विद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में भी हलचल मच गई है। लोग इस वीडियो को साझा कर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में विद्यालय प्रबंधन या शिक्षा विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिका. रिक बयान सामने नहीं आया है।

# काछियावां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए समाजसेवी रजनीकांत उर्फ पप्पू कुमार ने किया नामांकन, किसानों के मुद्दों पर चुनाव लड़ने का दावा




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा जिले में पैक्स चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नगरनौसा प्रखंड की काछियावां पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चर्चित समाजसेवी रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू कुमार ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के अंतिम दिन रजनी. कांत कुमार समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पंचायत के कई कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशियों ने भी अपने–अपने नामांकन पत्र जमा किए। नामांकन के अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। नामांकन के बाद रजनीकांत कुमार ने कहा कि वे किसानों के हितों की रक्षा और पैक्स व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान व्यवस्था में किसानों को समय पर धान खरीद की सुविधा नहीं मिल रही है और न ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा किसानों को मिलने वाली अन्य सरकारी सुविधाओं का भी समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत के किसानों और आम लोगों की मांग पर उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है तो किसानों की समस्याओं का समाधान, समय पर धान खरीद, खाद की उपलब्धता तथा पैक्स के माध्यम से मिलने वाली सभी सुविधाओं को पारदर्शी तरीके से किसानों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को पैक्स चुनाव के लिए मतदान होना है, जिसे लेकर विभिन्न पंचायतों में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

# हरनौत बाजार में स्थित राज्यकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा के दौरान मोबाइल से नकल करते दिखे छात्र

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, प्रधानाध्यापक बोले इसकी जांच की जाएगी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहार शिक्षा विभाग की ओर से पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा कराने के लाख दावों के बीच नालंदा जिले के हरनौत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हरनौत बाजार स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित त्रैमासिक परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों को मोबाइल फोन के सहारे नकल करते हुए देखा गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो विद्यालय के नवनिर्मित भवन का बताया जा रहा है। वीडियो में कक्षा 10वीं के छात्र परीक्षा हॉल में परीक्षा देते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि उस समय कक्ष में कोई शिक्षक निगरानी के लिए मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर कुछ छात्र खुलेआम मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए नकल करते नजर आए। इतना ही नहीं, कई छात्र परीक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए एक–दूसरे के बिल्कुल पास बैठकर उत्तर लिखते भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर लोग परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, इस मामले पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गावस्कर ने सफाई देते हुए कहा कि विद्यालय में प्रवेश



के समय सभी विद्यार्थियों से मोबाइल फोन जमा कराया जाता है। इसके बावजूद कुछ शरारती छात्र किसी तरह मोबाइल अंदर ले गए और परीक्षा के अंतिम समय में उसका इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के ही एक छात्र ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रधानाध्यापक के अनुसार वायरल वीडियो गुरुवार का है। उन्होंने बताया कि वीडियो बनाने वाले छात्र हरनौत बाजार स्थित पंचशील नगर मोहल्ले के निवासी सच्चिदानंद चौधरी के पुत्र आनंद कुमार हैं। उसे पूछताछ के लिए विद्यालय बुलाया गया था। लेकिन छात्र ने विद्यालय से नाम काटने का आरोप लगाते हुए बीआरसी कार्यालय में आवेदन दे दिया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी छात्र या कर्मी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ विभागीय नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब परीक्षा केंद्र पर मोबाइल ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, तो आखिर छात्रों के हाथों तक मोबाइल कैसे पहुंचा? और यदि परीक्षा कक्ष में पर्याप्त निगरानी होती, तो क्या ऐसी घटना संभव थी? इन सवालों के जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएंगे।

# बेना में फ्लाईओवर की दरार मरम्मत का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बेना थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। धमौली गांव के समीप स्थित फ्लाईओवर पर आई दरार की मरम्मत के दौरान बनाए गए एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। बताया जा रहा है कि फ्लाईओवर में बड़ी दरार आने के बाद उसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार युवक ने मरम्मत की प्रक्रिया का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में फ्लाईओवर की दरार के दोनों ओर ड्रिल मशीन से छेद कर उसमें सरिया डालकर जोड़ने का कार्य होता दिखाई दे रहा है, जिसे लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई।मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। स्थल पर फ्लाईओवर में दरार और दोनों ओर किए गए ड्रिलिंग के निशान दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद दरार वाले हिस्से को सीमेंट और अलकतरा से ढक दिया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# मलमास मेला क्षेत्र में साफ–सफाई का कार्य जारी, जिला प्रशासन ने कचरा निष्पादन और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया भरोसा

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के संज्ञान में 29 जून 2026 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित वह समाचार आया, जिसमें राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 की समाप्ति के बाद मेला क्षेत्र में कचरे का अंबार लगने की बात कही गई थी। इस संबंध में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद, राजगीर के कार्यपालक पदा. धिकारी ने जानकारी दी है कि मेला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर साफ–सफाई का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसके तहत संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई के साथ–साथ चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, एंटी–लार्वा दवा का छिड़काव तथा फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है।इसके अतिरिक्त पूरे मेला क्षेत्र के नालों की सफाई कराई गई है तथा गंदे पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित की गई है। वहीं, मेले के दौरान बनाए गए अस्थायी शौचालयों के सेप्टिक पिट को भी नियमानुसार भरकर सुरक्षित किया गया है। जिला प्रशासन, नालंदा ने स्पष्ट किया है कि वह आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनसमस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# राजस्व महाभियान के लंबित मामलों का तीन दिनों में होगा निष्पादन, ऑनलाइन दाखिल–खारिज पर भी जोर

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में राजस्व कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय में अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभी राजस्व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व महाभियान के तहत लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और ऑनलाइन सेवाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। अपर समाहर्ता ने सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि राजस्व महाभियान के अंतर्गत लंबित सभी मामलों का निष्पादन अगले तीन दिनों के भीतर हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों को समय पर राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक में ऑनलाइन दाखिल–खारिज एवं परिमा. र्जन के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय–सीमा के भीतर निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही दाखिल–खारिज के डिफेक्ट चेक से संबंधित लंबित मामलों को छह दिनों के अंदर निपटाने का आदेश दिया गया।



अपर समाहर्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि सभी राजस्व कार्यों का निष्पादन पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, नालंदा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा बाबा मोड़ पर चेरन निवासी सोनू कुमार को अज्ञात बदमाशों चाकू से किया हमला, इलाज के दौरान पटना में हुई मौत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत हरनौत बाजार के विश्वकर्मा बाबा मोड़ पर अज्ञात बदमाशों के द्वारा एक युवक को चाकुओं से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद जख्मी युवक पटना में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक हरनौत थाना क्षेत्र के चेरन निवासी स्वर्गीय कृष्णानंद प्रसाद के 37 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार उर्फ सोनू है। घटना के संबंध में मृतक युवक के परिवार वालों ने बताया कि बीती गुरुवार की रात्रि में घर से इमरजेंसी बात कह कर स्कूटी से हरनौत बाजार गए थे। उसके आधे घंटे के बाद सूचना मिल की सोनू कुमार का एक्सीडेंट हो गया है। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए उन्हें कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बिहार शरीफ भेज दिया। हालत गंभीर देखते हुए परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए। जहां शुक्रवार की दोपहर लगभग 2रू30 इलाज के दौरान उनका मौत हो गया। पि. रजनों ने बताया कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया है। और जगह–जगह पर चाकुओं का निशान सांप दिखाई दे रहा था। परिवार वालों ने बताया कि संयोजित तरीके से अज्ञात बदमाशों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा बाबा मोड़ स्थित पश्चिम दिशा में जीविका ऑफिस के पास खून का धब्बा भी देखा गया है। फिलहाल घटना के बाद परि. जनों में मातम छाया हुआ है। घटना को लेकर हरनौत बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी तक घटना को लेकर कोई पुष्टि नहीं हो पाया है।

# बीआरसी में शिक्षकों के साथ बैठक संपन्न



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र पर शिक्षकों के साथ अपार आईडी यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (एपीएएआर) आईडी को लेकर चल रहे बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गया।वहीं बीईओ नितेश कुमार रंजन ने बताया कि बैठक में बृहस्पतिवार को सभी निजि स्कूल एवं मध्य विद्यालय के प्रभारी/डायरेक्टर के साथ बैठक हुई। जबकि शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी एचएम के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपार आईडी कार्ड को लेकर चर्चा हुई। कहा केंद्र सरकार की वन नेशन वन स्टूडेंट्स स्कीम के तहत, अब हर छात्र–छात्रा की एक यूनिक आईडी होगी, जिसका नाम अपारआईडी कार्ड है। इस आईडी कार्ड में छात्र–छात्राओं के नाम के साथ अन्य डिटेल शामिल हैं।बीईओ ने बताया कि प्रखंड में 77 प्राथमिक विद्यालय, 47 मध्य विद्यालय,18 हाई स्कूल , 33 निजि सहित कुल 175 विद्यालय संचा. लित है। जिसमें 29 हजार 829 छात्र–छात्राएं नामां. कित है।17 हजार 392 छात्र–छात्राओं का आपार कार्ड जनरेट किया जा चुका है। बाकि 42 फिसदी छात्र–छात्राओं का आपार कार्ड नहीं बनाने वाले जिम्मेदार प्रभारी को एक सप्ताह में 100 आधार सत्यापन कर (एपीएएआर) का निर्माण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा शत–प्रतिशत बच्चों की आपार आईडी जरूरी है, किसी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। काम को मिशन मोड में पूरा करना है। आपार कार्ड बनाने के लिए बच्चे का आधार कार्ड और माता या पिता का आधार कार्ड जरुरी है। इस कार्ड में बच्चों की सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी
मौके पर डाटा एंट्री ऑपरेटर ध्रुव कुमार, आईसीटी मॉनिटर ऋषि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहारशरीफ (नालन्दा)